# e- News Letter CMPDIL

**February 2022**

# महावाणिज्य दूत, संयुक्त राज्य अमेरिका का सीएमपीडीआई दौरा









दिनांक 15.02.2022 को सुश्री मेलिंडा पावेक, महावाणिज्यदूत, संयुक्त राज्य अमेरिका ने सीएमपीडीआई का दौरा किया और सीएमपीडीआईएल/ सीआईएल के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के बारे में संक्षिप्त चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने की।

इस दौरान सीएमपीडीआई प्रोफाईल पर एक संक्षिप्त प्रस्तुती के साथ भारत में सीबीएम विकास को बढ़ावा देने और कोयला क्षेत्र में सहयोग के अन्य संभावित क्षेत्रों का पता लगाने के लिए यूएसईपीए समर्थित सीबीएम क्लियरिंग हाउस सहित अमेरिकी सहयोग से चल रही विभिन्न गतिविधियों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुती दी गई। कोल इंडिया लिमिटेड के विविधीकरण के लिए भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। सुश्री पावेक कोयला खनन परियोजनाओं के विभिन्न गैर-वित्तीय लक्ष्यों जैसे आरएंडआर परियोजनाओं, माइन क्लोजर प्लानिंग, कोयला खनन में पर्यावरण हितैषी प्रथाओं आदि के बारे में जानना चाही जो सीएमपीडीआई द्वारा दिया गया। उन्होंने सीएमपीडीआईएल/सीआईएल को यूएसए के संभावित विकासकर्ताओं के सहयोग से कोयला खनन, सीएमएम/सीबीएम और अन्य संबंधित क्षेत्रों के विकास के लिए अपने कार्यालय से सभी प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# सीएसआर के तहत दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंगो का वितरण















दिनांक 15 फरवरी 2022 को सीएमपीडीआई के खेल मैदान में दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित कर इस समारोह की शुरूआत की।

सीएसआर परियोजना के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर द्वारा निर्मित कृत्रिम अंग, मोट्राइज्ड साईकिल, ट्राई साइकिल, फोल्डिंग व्हील चेयर, बैसाखी, दृष्टिबाधित छड़ी, ब्रेल किट एवं श्रवण यंत्र का वितरण 136 पूर्व चिन्हित लाभुकों के बीच किया गया। (उस मद में दिव्यांगजनों के लिए 30 लाख की राशि प्रदान की गई) इन लाभार्थियों का चयन विगत महीने रातु, नगड़ी एवं कांके प्रखंड परिसर में एलिमको, कानपुर एवं रांची जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया था।

# खूंटी, रांची में सामूहिक विवाह का आयोजन













दिनांक-12.02.2022 को सीएसआर परियोजना के तहत 'ढुकु' महिला सशक्तिकरण के माध्यम हेतु एवं सामाजिक-कानूनी मान्यता दिलाने तथा मुख्यधारा में लाने हेतु राँची स्थित एक एनजीओ ''निमित्त'' के सहयोग से खूंटी में 43 जोड़ों की सामुदायिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने विवाहित जोड़ों के कौशल विकास पर जोर दिया ताकि वे गरीबी से बाहर आ सकें और एक स्वतंत्र जीवन जी सकें।

इस सीएसआर पहल के माध्यम से ढुकु महिलाओं का सामुदायिक विवाह सम्पन्न कराकर इन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास है ताकि वे सरकार के सभी योजनाओं का लाभ उठा सकें तथा कौशल विकास के द्वारा अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सक्षम हो सकें। (इस सीएसआर परियोजना पर सीएमपीडीआई द्वारा 12.60 लाख की राशि वहन की गई है। आगे इन्हें कृषि एवं सिलाई आदि का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।)

इस अवसर पर कस्तुरी महिला सभा की अध्यक्षा श्रीमती रूपाली गुप्ता, संस्थान के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) श्री मनोज सहाय, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक/सीएसआर) श्रीमती सुमन रस्तोगी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# खुंटा टंगड़ा गांव (रांची) में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन










दिनांक 23.02.22 को सीएमपीडीआई (मु0) द्वारा खूंटा टंगरा गांव में मुफ्त चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर में लोगों का चिकित्सीय परीक्षण के बाद उन्हें मुफ्त दवाईयां दी गई तथा अवश्यकता अनुसार उन्हें प्रोटीनयुक्त आहार भी बाँटा गया। (करीब 300 लोग इस शिविर द्वारा लाभ-न्वित हुये।)

# आनंदवन वरोरा चंद्रपुर गांव (नागपुर) में निःशुल्क चिकित्सा शिविर











क्षेत्रिय संस्थान -4 सीएसआर के अंतर्गत जामगांव, गवेशन शिविर आनंदवन वरोरा चंद्रपुर में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती रूपाली गुप्ता,अध्यक्षा, कस्तूरी महिला सभा के द्वारा हुआ।

इस चिकित्सा शिविर में सीएमपीडीआई मुख्यालय रांची की मेडिकल टिमों ने शिविर में लगभग 513 व्यक्तियों का चिकित्सीय परीक्षण किया और उन्हें उनकी बिमारी से संबंधित सलाह और दवाइंया भी निशुल्क वितरित की और 200 लोगो का रक्त नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया एवं 180 लोगों को प्रोटीन युक्त आहार जैसे की दाल मूंगफली इत्यादि भी वितरित किए गए।

# क्षेत्रीय संस्थान-2 धनबाद द्वारा नि:शुल्क स्वस्थ्य जाँच शिविर







दिनांक 25 फरवरी 2022 क्षेत्रीय संस्थान-2 धनबाद द्वारा नि:शुल्क स्वस्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ ओम प्रकाश , डीप्टी सीएम ओ / नोडल अधिकारी, (स्वास्थ्य) एवं उनकी टीम ने ग्रामिणों के स्वास्थ्य की जाँच की तथा नि:शुल्क दवाइयां वितरीत की गई। शिविर में 200 ग्रामीणों के रक्त के नमूने भी लिए गए। साथ ही ग्रामिणों में प्रोटीनयुक्त आहार का भी वितरण किया गया।

# पारसूंडी गांव में क्षेत्रीय संस्थान-1 (आसनसोल) की तरफ से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर










दिनांक 26.02.22 को क्षेत्रीय संस्थान-1 (आसनसोल) की तरफ से परासूंडी गांव , मल्लारपुर सब कैंप में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 370 लोगों की जांच तथा नि:शुल्क दवाईयां वितरित की गई। इस अवसर पर 180 लोगों की बीच प्रोटिन युक्त दालें और मूंगफली का भी वितरण किया गया।

# माई किचन गार्डन फोटो कांटेस्ट














आजादी का अमृत महोत्सव के अर्न्तगत सीएसआर के तहत ''माई किचन गार्डन'' कांटेस्ट सीएमपीडीआई तथा प्रभात खबर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया जिसमें अपने घर में लगाये गये गार्डन का फोटो लोगो ने शेयर किया गया। विजेताओं का सीएमपीडीआई द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# क्षेत्रीय संस्थान-2,धनबाद में जूट बैग का वितरण












दिनांक 22.2.22 को क्षेत्रीय संस्थान-2, धनबाद में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जूट से बने हुए थैले का उपयोग स्थानीय बाजार के छोटे दुकानदारों, आम-जन एवं संविदा कर्मियों के बीच वितरण किया गया। प्लास्टिक के थैले के उपयोग से पर्यावरण पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभावों से आम लोगों को अवगत करना तथा इसके उपयोग को बंद करने हेतु प्रेरित करना था।

# नॉलेज शेयरिंग

## क्षेत्रीय संस्थान-4, नागपुर में नॉलेज शेयरिंग सत्र





दिनांक 25 फरवरी 2022 को क्षेत्रीय संस्थान-4 नागपुर में नॉलेज शेयरिंग सत्र का आयोजन किया, क्षेत्रीय निदेशक श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन में इस कार्यशाला में 'नई तकनीकी डेटा विज्ञान का अनुप्रयोग' के बारे में चर्चा की गई। (यह कार्यशाला आजादी के अमृत महोत्सव के तहत किया गया।)

## क्षेत्रीय संस्थान-2, धनबाद में नॉलेज शेयरिंग सत्र









दिनांक 20 फरवरी 2022 को क्षेत्रीय संस्थान-2 ,धनबाद में 15 वां नॉलेज शेयरिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में श्री अनुज मंडल, विभागाध्यक्ष (जियोलॉजी) ने कोप 26 और इसके कोल इंडिया पर इम्पलीकेशन के बारे में चर्चा की।

http://www.cmpdi.co.in : http://www.facebook.com/CMPDIL/ : https://twitter.com/cmpdil/. www.instagram.com/cmpdi

# Inaugration of ultrasound colour Doppler system









Shri Manojkumar, CMD inaugurated the newly installed ultrasound Machine -colour doppler system facility at Ramakrishna mission TB sanatorium Tupudana, Ranchi which was entirely funded by CMPDIL under CSR at a cost of Rs 10.50 lakhs .

# Brainstorming session







Shir Manoj Kumar ,CMD chaired Brainstorming session organised by CMPDI (HQ) on 4.2.22 to increase the revenue from out side consultancy service offered by CMPDI.

Shri Kumar in the session stressed on identification of business oppurtunities & diversification in to various services/areas in which CMPDI can use its expertise & talent pool effectively to increase the revenue of the company .

# सेवानिवृत्ति सीएमपीडीआई (मु0)



श्री अनिल कुमार राणा/निदेशक (तक./पी एण्ड डी)



श्री प्रदीप कुमार घोष/मुख्य मानचित्रकार (मैक) ग्रेड-ए1, सी.एम.पी विभाग



श्री योगेन्द्र शर्मा/कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-ए , सामग्री प्र. विभाग



श्री राजेश्वर राम, कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-ए, प्रकाशन विभाग



श्री सुशील टोप्पो/कोल सैम्पलिंग सहायक कैट-3, सी सी लैब विभाग



श्री प्यारे लाल /रिग मैन ग्रेड-2, नगर अभियंत्रण विभाग

दिनांक 28.02.22 को सीएमपीडीआई (मु0) परिवार के 6 सदस्यों को विदाई दी गई। इस मौके पर अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने कर्मियों को पुष्पगुच्छ,मानपत्र,प्रतिक चिन्ह व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया।

## क्षेत्रीय संस्थान-4



दिनांक 28.02.22 को क्षेत्रीय संस्थान-4 नागपुर में श्री मुनेश्वर भगत , कोल लैब टेकनिशियन, कैट-5 को विदाई दी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक मनोज कुमार पुष्पगुच्छ, मानपत्र , मोमेंटो एवं शॉल देकर सम्मानित किया।

## क्षेत्रीय संस्थान-5



दिनांक 28.2.22 को क्षेत्रीय संस्थान-5,बिलासपुर में श्री असीन कुमार को विदाई दी गई। क्षेत्रीय निदेशक श्री आई.डी नारायण ने सेवानिवृत्त कर्मी को पुष्पगुच्छ, मानपत्र, प्रतिक चिन्ह व शॉल देकर सम्मानित किया।

## क्षेत्रीय संस्थान-7



दिनांक 28.2.22 को क्षेत्रीय संस्थान-7, भुवनेश्वर से श्री प्रद्युम्न कुमार सहानी, मुख्य प्रबंधक (सिविल) के सेवानिवृत्ति के अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक श्री आर के महापात्र द्वारा श्री सहानी को शॉल, मानपत्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।

## श्री मनोज कुमार , अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का आनंदवन कैंप दौरा







दिनांक 17.2.22 को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय संस्थान-4 नागपुर श्री मनोज कुमार, विभागाध्यक्ष (गवेषण) श्री सोमनाथ रे तथा श्री स्वप्नील पाल ने साथ में आनंदवन कैप में तीनों ड्रिल साइट का दौरा किया। श्री कुमार ने तीनों ड्रिल साईट के सदस्यों को ईमानदारी से प्रयास करने को प्रेरित किया जिससे वित्तीय वर्ष 2021-22 का ड्रिलिंग लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

## क्षेत्रीय संस्थान-5, बिलापुर में ड्रिलिंग प्रगति दिवस मनाया







दिनांक 24.02.22 को क्षेत्रीय संस्थान-5 बिलासपुर में ड्रिलिंग प्रगति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक श्री आई.डी नारायण ने सिंगपुर गवेषण कैंप ड्रिलिंग क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कैंप के कर्मियों को वार्षिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।